## वित्तीय व्यय की समीक्षा आख्या –प्रयागराज मण्डल
## भ्रमण तिथि–11से 14 सितम्बर, 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2024–25/04/1873–2 दिनांक–04–07–2024 के संदर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा वित्तीय व्यय की समीक्षा हेतु दिनांक 11 से 14 सितम्बर, 2024 तक प्रयागराज मण्डल का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

### राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–

श्री वरूण प्रताप सिंह–उपमहाप्रबन्धक आई0ई0सी0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री विनय शर्मा, तकनीकी एक्जीक्यूटिव, वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री सुरेश कुमार मौर्य, प्रोग्राम असिस्टेंट, आर0आई0 अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

### दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान की गयी गतिविधियां–

- जनपदों में मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ निम्न तालिकानुसार वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक की गयी :–

| क.स. | तिथि | जनपद |
|---|---|---|
| 1. | 11 सितम्बर, 2024 | प्रयागराज मण्डल–जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ |
| 2. | 12 सितम्बर, 2024 | जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी |
| 3. | 13 सितम्बर, 2024 | जनपद फतेहपुर |
| 4. | 14 सितम्बर, 2024 | जनपद प्रतापगढ़ |

- अपर निदेशक–प्रयागराज मण्डल की अध्यक्षता में मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक, मण्डलीय लेखा प्रबंधक, सम्बन्धित जनपद जिला लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक की गयी।

दिनांक11से 14 सितम्बर, 2024 के मध्य राज्य स्तरीय गठित टीम द्वारा प्रयागराज मण्डल के सभी जनपदों का भ्रमण किया गया जिसमें आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की प्रगति की समीक्षा की गयी। मण्डल स्तरीय बैठक में अपर निदेशक, अपर मुख्य चिकित्साअधिकारी, जिला चिकित्सालय के एकाउन्टेण्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0 तथा जनपद स्तरीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के एकाउन्टेण्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0, विभिन्न कार्यक्रमों के जनपदीय कंसल्टेंट/प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, बी.सी.पी.एम., बी.ए.एम आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

उक्त के क्रम में दिनांक 11 से 14 सितम्बर, 2024 की समीक्षा बैठक में प्रयागराज मण्डल के जनपदों में कुल व्यय की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है–

| Prayagraj Division | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Committed Budget before and after visit | | | | | |
| Name of District | Committed Budget | Expenditure before visit 11.09.2024 | Expenditure after Visit 15.09.2024 | Increase in expenditure (in lacs) | Percentage |
| DHS fathehpur | 1318.08 | 218.39 | 257.43 | 39.04 | 19.53% |
| DHS, kaushambi | 732.08 | 123.70 | 132.05 | 8.35 | 18.04% |
| DHS, Pratapgarh | 2480.06 | 440.59 | 453.23 | 12.64 | 18.27% |
| DHS, Prayagraj | 3042.14 | 638.48 | 648.91 | 10.43 | 21.33% |
| Total | 7572.36 | 1421.16 | 1491.62 | 70.46 | 19.70% |

Suresh

| DHAP budget before and after visit | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Name of District** | **DHAP** | **Expenditure before visit 11.09.2024** | **Expenditure after Visit 15.09.2024** | **Increase in expenditure (in lacs)** | **Percentage** |
| DHS fathehpur | 10586.57 | 2402.90 | 2499.68 | 96.78 | 23.61% |
| DHS, kaushambi | 8397.99 | 1790.95 | 1811.32 | 20.37 | 21.57% |
| DHS, Pratapgarh | 13355.78 | 2689.35 | 2790.14 | 100.79 | 20.89% |
| DHS, Prayagraj | 26444.35 | 5586.14 | 5798.04 | 211.90 | 21.93% |
| | **58,784.69** | **12,469.33** | **12,899.18** | **429.85** | **21.94%** |

| Total budget(DHAP & Committed) expenditure before and after visit | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Name of District** | **Total** | **Expenditure before visit 11.09.2024** | **Expenditure after Visit 15.09.2024** | **Increase in expenditure (in lacs)** | **Percentage** |
| DHS fathehpur | 11904.65 | 2621.29 | 2757.11 | 135.82 | 23.16% |
| DHS, kaushambi | 9130.07 | 1914.65 | 1943.37 | 28.72 | 21.29% |
| DHS, Pratapgarh | 15835.84 | 3129.94 | 3243.37 | 113.43 | 20.48% |
| DHS, Prayagraj | 29486.49 | 6224.62 | 6446.95 | 222.33 | 21.86% |
| **Total** | **66357.05** | **13890.49** | **14390.80** | **500.31** | **21.69%** |

जनपदों में वित्तीय समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दु संज्ञान में आयेः–

- **जनपद प्रयागराज** के सी0एच0सी0 धनुपुर में धनराशि रू0 991000.00 सरेण्डर किया जाना है। मद संख्यया 131.01 प्रिन्टिंग ऑफ एम0एम0एस0 रजिस्टर में धनराशि रू0 156000.00 सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 131.02 एम0एम0एस0 ओरिएन्टेशन की राज्य स्तर से दिशा–निर्देश (गाइडलाइन) नहीं आने के कारण धनराशि रू0 1169100.00 व्यय नहीं की जा सकी है। साथ ही यह अवगत कराया गया कि यह वन टाईम एक्टिविटी है। अतः कमिटेड धनराशि को सरेण्डर नहीं किया जा सकता है। मद संख्या 150.07 आई0ई0सी0 एण्ड प्रिटिंग फार ए0ए0एम0 में रक्षित धनराशि रू0 5026484.00 सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 160.01 वी0एच0एस0एन0सी0 प्रशिक्षण में रक्षित कमिटेड धनराशि रू0 10036938.00 पूरा व्यय हो जाएगा। बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मद संख्या 23.03 एच0बी0वाई0सी0 टी0ओ0टी0 में रक्षित कमिटेड धनराशि रू0 3970692.00 को सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 27.02 पांच दिवसीय आई0एम0सी0आई0 प्रशिक्षण का राज्य से कोई भी गाईड नहीं आने के कारण धनराशि रू0 6100500.00 का व्यय नहीं किया जा सका। मद संख्या 87.01 असिस्टेंट फॉर कन्जयूमेबिल ड्रग्स मेडिसिन में राज्य स्तर से दिशा–निर्देश अप्राप्त होने के कारण इसमें रक्षित धनराशि को सरेण्डर किया जाना हैं।
- **जनपद कौशाम्बी** में एस0बी0ए0 प्रशिक्षण मद में रक्षित कमिटेड धनराशि को सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 151.01 ब्लड सेल में रक्षित कमिटेड धनराशि रू0 2000000.00 को सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 187.01 रिन्यूमरेशन फार सी0एच0ओ0 में अवशेष धनराशि रू0 798957.00 को सरेण्डर किया जाना है। जे0एस0वाई0 मद में रक्षित धनराशि रू0 239934.00 को सरेण्डर किया जाना है।
- **जनपद प्रतागढ़** के सी0एच0सी0 कुण्डा एवं लालगढ़ में रक्षित कमिटेड के सापेक्ष व्यय अधिक किया गया है। जनपद प्रतागढ़ में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में रक्षित कमिटेड धनराशि को सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 22.02 आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम में कुल रू0 6480000.00 की धनराशि कमिटेड के रूप में रक्षित है। मेडिकल कालेज में जगह नहीं मिल पाने के कारण यह धनराशि व्यय नहीं की जा सकी। नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी हाल ही में जगह मिल गई है। इस धनराशि का शीघ्र ही व्यय कर लिया जाएगा। मद संख्या 130.04 माड्यूल 6 एवं माड्यूल 7 प्रशिक्षण हेतु 206825.00 कमिटेड है। इस धनराशि को प्रशिक्षण कराकर शीघ्र ही व्यय कर लिया जाएगा। जिला अस्पताल में एन0सी0डी0–एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल धनराशि रू0 1100000.00 कमिटेड धनराशि के रूप में रक्षित है। जिसमें से 400000.00 का व्यय हो चुका है। अवशेष धनराशि रू0 700000.00 का सरेण्डर किया जाना है। इसी प्रकार एन0सी0डी0–एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण मद में रक्षित कमिटेड धनराशि को सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 150.19 इन्फ्रारार्स्टक्चर स्ट्रेन्थिनिंग

ऑफ एएएम पी0एस0सी0 के अन्तर्गत ग्राम प्रधानों से धनराशि रू0 45000000.00 की यू0सी0 अप्राप्त है।

- **जपनद फतेहपुर** में जिला महिला अस्पताल द्वारा जे0एस0वाई0 मद में कमिटेड रक्षित है। ज्यादातर लाभार्थी का एकाउंट नहीं होने के कारण धनराशि को कमिटेड कराया गया है। आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत मोबाईल हेल्थ टीम हेतु रक्षित कमिटेड धनराशि रू0 90772.00 सरेण्डर किया जाना है। जे0एस0एस0के0 बेनिफिसरी में भी बैलेन्स धनराशि को सरेण्डर किया जाना है। इसी प्रकार स्टेलाईजेशन फिमेल में बैलेन्स धनराशि को सरेण्डर किया जाना है। जिला चिकित्सालय पुरूष में बी0एम0डब्ल्यू0 में धनराशि रू0 389000.00 कमिटेड रक्षित है, जिसके सापेक्ष 588000.00 व्यय किया गया है। टीम द्वारा निर्देशित किया गया कि इसको तत्काल सही करा दिया जाए। इसी प्रकार इन्सेन्टिव फार पीयर एजूकेटर में धनराशि सरेण्डर किया जाना है। मद संख्या 199.02 अनटाईड मद में धनराशि रू0 250000.00 सरेण्डर किया जाना है। प्रिटिंग आफ आर0बी0एस0के0 रेफरल धनराशि रू0 763000.00 तथा मोबिलिटी हेल्थ टीम में धनराशि रू0 90000.00 सरेण्डर किया जाना है। आई0एम0एन0सी0आई0 प्रशिक्षण में राज्य से दिशा–निर्देश माह अगस्त में प्राप्त होने के कारण धनराशि व्यय नहीं की जा सकी।
- जनपद एवं ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम अधिकारियों तथा लेखा प्रबन्धक के मध्य समन्वय की कमी के कारण समयानुसार धनराशि के व्यय कमी पायी गयी।
- लेखा प्रबंधकों द्वारा मासिक रूप से कार्यक्रम अधिकारियों को व्यय की सूचना उपलब्ध कराने में विलम्ब किया गया।

**स्थानः आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र–भवरी, ब्लाक–सोरॉव जनपद–प्रयागराज– दिनांक 12–09–2024**

- केन्द्र पर प्रतिदिन ओ.पी.डी. लगभग 25 लाभार्थियों की है।
- 150 सी बैक 160 लक्ष्य के सापेक्ष भरा गया है तथा 1149 एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, 2241 हाइपरटेंशन, 2239 डायबिटीज, 2250 ओरल कैंसर, 1085 ब्रेस्ट कैंसरकी स्क्रिनिंग की गयी थी।
- महिलाओं एवं पुरूष के लिए कम्बाइंड शौचालय की व्यवस्था है तथा शौचालय में रनिंग वॉटर की सुविधा है।
- केन्द्र में पॉवर बैकअप नहीं है।
- सिकेल सेल रैपिड टेस्ट जांच किट उपलब्ध नहीं थी।
- केन्द्र पर बिल बाउचर वेरिफाई नहीं किये गये थे।
- सी0एच0ओ0 को उपलब्ध कराया गया लैपटॉप गंदे थे।
- सिफलिस टेस्ट किट एक्सापयरी पाये गये।
- सी0एच0ओ0 द्वारा अंतिम इंडेन्ट 13 अगस्त, 2024 को दिए गए थे।
- ड्रग स्टॉक रजिस्टर ठीक प्रकार से अद्यतन नहीं किये गये थे।
- स्टाक में रखे मेडिसीन ज्यादातर नियर, एक्सपायरी पाये गये।
- एफ0ई0एफ0ओ0 को पालन ठीक से नहीं किया जा रहा था।
- जन आरोग्य समिति में बैठक कार्यवाही ठीक से नहीं किया जा रहा था।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–सोरांव प्रयागराज दिनांक–12–09–2024**

- आई0 ओ0पी0डी0 में कार्यरत टक्निशियन श्री शिशिर मिश्रा द्वारा रजिस्टर मेनटेन नहीं किया जा रहा है।
- उनके द्वारा अवगत कराया गया कि अंधता कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 150 लाभार्थियों को चश्मा बांटने का लक्ष्य रखा गया है।
- चश्मे की इन्डेंट की कोई भी रिकार्ड नहीं बनाया गया है।
- एक्सरे टेक्निशियन श्री सत्येन्द्र सिंह उपस्थित पाये गये। एक्सरे कक्ष में लाईट की व्यवस्था नहीं थी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जब 8 से 10 मरीज इकट्ठा हो जाते हैं तो जनरेटर चलाकर उनका एक्सरे किया जाता है।

- केन्द्र में लगी सूची अपडेट नहीं पायी गई।
- लेबर रूम में महिला को प्रसव होने को करण कक्ष का निरीक्षण नहीं किया जा सका।
- लेबर रूम के लगे कक्ष में नियर एक्सपायरी मेडिसिन पायी गई।
- डा0 अर्चना सिंह, स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ, ड्रेस में नहीं थी, आई0डी0 में उनके पास नहीं थी।
- उपस्थित फार्मासिस्ट श्री मनोज कुमार के पास आई0डी0 कार्ड नहीं था।
- डाईट रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाये गये।
- वार्ड में भर्ती मरीज को खाना नहीं दिया जा रहा है।
- आयुष्मान कक्ष के निरीक्षण किया गया। श्रीमती मुदिता, आयुष्मान मित्र उपस्थित पायी गयी। उनके द्वारा जो भी आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे थे, उसका रिकार्ड नहीं बना था।
- रोगी कल्याण समिति का दिनांक 25–06–2023 से पांच वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकृत किया गया हैं।
- रोगी कल्याण समिति की बैठक में बी0ई0ओ0, खण्ड विकास अधिकारी अप्रैल से अगस्त, 2024 तक किसी भी बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया।

**21-07-2024 to 20-08-2024**

Total Delivery-74, Normal Delivery-60, LSCU-14, PPICUD-49, PPS-06, LBW-09, Birth Asphaxia-11, Preterm-04, Male Birth-39, Female Birth-35, Mother Reffer-04, Child Rffer-02, Delivery in Night- 38, Delivery in Day-36, Iron Sucrose-12, Total IUCD- 06, Total BT- 00, Mother Complication-06

**स्थानः आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बंथर, बेरागढ़ीवा, ब्लाक–भिटौरा, जनपद–फतेहपुर**
**दिनांक 13–09–2024**

- केन्द्र पर प्रतिदिन ओ.पी.डी. लगभग 17 लाभार्थियों की है।
- 2096 सी बैक 3581 लक्ष्य के सापेक्ष भरा गया है तथा 776 एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, 526 हाइपरटेंशन, 526 डायबिटीज, 526 ओरल कैंसर, 306 ब्रेस्ट कैंसरकी स्क्रिनिंग की गयी थी।
- महिलाओं एवं पुरूष के लिए कम्बाइंड शौचालय की व्यवस्था है तथा शौचालय में रनिंग वॉटर की सुविधा है।
- केन्द्र में पॉवर बैकअप है।
- उपस्थित सी0एच0ओ0 पूजा रावत ड्रेस में नहीं पाई गयी।
- केन्द्र के अन्तर्गत कुल 9 आषा–श्रीमती बसंती, श्रीमती मनीषा, श्रीमती सुनीता देवी, श्रीमती केसरी, श्रीमती सीमा, श्रीमती सुचिता, श्रीमती सावित्री, श्रीमती विमला एवं श्रीमती शशी कार्यरत हैं।
- सी0एच0ओ0 द्वारा पेसेंट फालोअप नहीं किया जा रहा है।
- केन्द्र में रखे फ्रिज में पानी की बोतल पायी गयी।
- केन्द्र में स्टाक मेडिसिन बोरी में पायी गयी।
- ए0ए0ए0 की बैठक में सी0एच0ओ0 द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया ।
- जन आरोग्य समिति की बैठक दिनांक 02 अगस्त, 2024 को आयोजित की गई। रजिस्टर में दिनांक नहीं लिखी गई थी कि यह बैठक कम सम्पन्न की गई।
- उपस्थित ए0एन0एम0 मालती देवी का हस्ताक्षर में भिन्नता पायी गई।
- जन आरोग्य समिति बैठक में व्यय का उचित विवरण नहीं है।
- सी0एच0ओ0 का मुहर नहीं बना है।
- सिकेल सेल रैपिड टेस्ट जांच किट उपलब्ध नहीं थी।
- केन्द्र पर बिल बाउचर वेरिफाई नहीं किये गये थे।
- सिफलिस टेस्ट किट एक्सापयरी पाये गये।
- सी0एच0ओ0 द्वारा अंतिम इंडेन्ट 13 अगस्त, 2024 को दिए गए थे।
- ड्रग स्टॉक रजिस्टर ठीक प्रकार से अद्यतन नहीं किये गये थे।
- स्टाक में रखे मेडिसीन ज्यादातर नियर एक्सपायरी पाये गये।
- एफ0ई0एफ0ओ0 को पालन ठीक से नहीं किया जा रहा था।
- जन आरोग्य समिति में बैठक कार्यवाही ठीक से नहीं किया जा रहा था।
- टेली कन्सलटेशन सी0एच0ओ0 द्वारा किया जा रहा है।

**मण्डलीय समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश/सुझाव :–**

- मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में दिनांक 11 सितम्बर, 2024 को समीक्षा बैठक सम्पन्न की गयी। बैठक में प्रयागराज मण्डल के समस्त जनपद को आवंटित/कमिटेड बजट धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त कमिटेड लायबिलिटीज के लंबित भुगतानों का शत प्रतिशत व्यय कर एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। व्यय उपरान्त अवशेष धनराशि का सरेण्डर किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया।
- दिनांक 12–09–2024, 13–09–2024 एवं 14–19–2024 को जनपदों की समीक्षा बैठक किये जाने के उपरांत यह संज्ञान में आया कि सभी जनपदों में **मुख्यता प्रशिक्षण, एन0सी0पी0 आशा इंसेन्टिव, जे0एस0वाई0, जे0एस0एस0के0 आदि** मदों में अत्यधिक धनराशि रक्षित करायी गयी है। निर्देशित किया गया कि उपरोक्त सभी ऑनगोइंग मदों का व्यय शीघ्रातिशीघ्र किया जाये।
- मण्डलीय कार्यक्रम अधिकारियों, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जनपदों के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं लेखा प्रबंधकों को सुझाव दिया गया कि मासिक रूप से सभी कार्यक्रमों के कार्यक्रम अधिकारियों के साथ मदवार वित्तीय समीक्षा किया जाये एवं कम व्यय वाले मद को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करायी जाये।
- लेखा प्रबंधक द्वारा प्रत्येक माह सम्बंधित कार्यक्रम अधिकारियों को वित्तीय समीक्षा हेतु एफ.एम. आर. कोडवार व्यय की सूचना उपलब्ध करायें ताकि कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वयं के स्तर से भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
- जनपद में कार्यक्रम अधिकारियों एवं लेखा प्रबंधकों के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।
- कमिटेड धनराशि जिसकी लॉयबिलिटी हो उन्हीं धनराशि को व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
- जिस धनराशि का व्यय किया जा चुका है। उसको अविलम्ब एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर व्यय अंकन कराना सुनिश्चित करें।
- कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय की गयी धनराशि का एस.ओ.ई. प्राप्त कर अविलम्ब एफ.एम.एम.एस. पोर्टल पर अंकन कराना सुनिश्चित करायें।
- जनपद में यदि कोई टेण्डर लम्बित है या टेण्डर करने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो राज्य स्तर पर सम्बंधित अनुभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्देश प्राप्त करें। साथ ही यदि जनपद द्वारा कराये गये किसी भी कार्य का भुगतान लम्बित है, तो अविलम्ब कार्यवाही करते हुये नियमानुसार भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

| | | |
|---|---|---|
| Suresh | Viny | Varun Pratap Singh |
| सुरेश कुमार मौर्य | विनय शर्मा, तकनीकी | वरूण प्रताप सिंह |
| प्रोग्राम असिस्टेंट | एक्जीक्यूटिव, | उपमहाप्रबन्धक |
| आर0आई0 अनुभाग | वित्त अनुभाग | आई0ई0सी0 |